## ब्रीफ न्यूज

### प्रोफेसर पुत्र के मृत्यु पर विधायक ने परिवार से मिलकर सांत्वना दिया



**आरा (रासासं):** सड़क दुर्घटना मे गीधा निवासी कुँवर सिंह कॉलेज के प्रोफेसर रमेश कुमार सिंह के पुत्र की मृत्यु की खबर सुनकर बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह शोक संतृप्त परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। बड़हरा विधायक ने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ देने की बात कही। उन्होने घटना पर दुख जताया और परिवार को सांत्वना देते हुए गीधा के पास हो रहे लगातार दुर्घटना पर चिंता व्यक्त किया। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए उच्च पदाधिकारियों से बात करुँगा और दुर्घटना को रोकने का उपाय किया जाएगा। मौके पर सरपंच सोनु पासवान, रमेन्द्र सहि, शशी सिंह, भुषण सहि, बलिराम सिंह, जितेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, रामप्रवेश सिंह सहित ग्रामीण जनता और कार्यकर्ता थे।

### जिलाधिकारी जनता दरबार में 25 लोगों की समस्याओं को सुना और निष्पादन किया



**आरा (रासासं):** जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा समाहरणालय में आयोजित 'जिला जनता दरबार' मे 25 लोगों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समस्यायों के अविलंब निष्पादन हेतु संबंधित इस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### कर्मियों के ससमय उपस्थिति का औचक निरीक्षण जारी



**आरा (रासासं):** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाए रखने हेतु गठित धावा दल के द्वारा आज प्रखंड/अनुमंडल/जिला स्तर पर स्थित सभी कार्यालयों में कर्मियों की ससमय उपस्थिति हेतु औचक निरीक्षण किया गया।

### पीजी मनोविज्ञान विभाग में शोध पत्रिका का हुआ विमोचन



**आरा (रासासं):** स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में प्रो. लतिका वर्मा, विभागाध्यक्ष द्वारा शोध पत्रिका इंडियन सोशल एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज का विमोचन किया। पत्रिका के मुख्य संपादक प्रो. तारणी जी, अध्यक्ष इंडियन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन और स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आट्र्स एंड साइंस के अवकाश प्राप्त अध्यक्ष हैं। विमोचन में प्रो. संजय कुमार, प्रो. मंजू सिंह, प्रो.यशवंत कुमार, प्रो.अजय कुमार, डॉ. लाल बाबू सिंह, डॉ. प्रियंका पाठक,डॉ स्मिता सिंह, विमला सिंह, स्नेहलता पाठक मौजुद थे।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**आरा (रासासं):** भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला स्थित पोखरा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव अनाइठ मुसहर टोली स्थित पोखरा से शुक्रवार की शाम बरामद किया गया। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी दुखी राम का बेटा खिलाड़ी मुसहर (27) है।वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के मोहल्लेवासी अजीत कुमार ने बताया कि वह गुरुवार की शाम अनाइठ मुसहर टोली स्थित पोखरा के किनारे गया था। जहां पर वह हाथ-मुंह धोने लगा। उसी दौरान वह पोखरा में डूब गया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से गुरुवार की शाम उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन वह नहीं मिल पाया था। शुक्रवार की सुबह स्थानीय थाना द्वारा एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। इसके बाद एसडीआरएफ टीम के काफी मशक्कत करने के बाद उसके शव को पोखरा से शुक्रवार की शाम को बाहर निकल गया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया है। बताया जाता है कि मृतक अपने 4 भाई और 2 बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी पतलिया देवी और 2 बेटी अंजोरिया कुमारी और ऐश्वर्या कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी पतलिया देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### करंट की चपेट में आने से ठेकेदार की मौत

**आरा (रासासं):** भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव में करंट की चपेट में आने से एक सेंट्रिंग ठेकेदार की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी रामकुमार केशरी का बेटा राहुल केसरी (25) है। वह पेशे से ठेकेदार था। ठेके पर लेकर सेंट्रिंग का काम करता था। इधर, मृतक के साथ काम करने गए उनके पड़ोसी टुन्ना प्रसार ने बताया कि वह दोनों शुक्रवार की सुबह अपने गांव से लक्षणपुर गांव सेंट्रिंग का काम करने गए थे। तभी वह शौच करने के लिए लक्षणपुर गांव स्थित आहर के किनारे चला गया। जहां बिजली की तार काफी नीचे से गुजर रही थी। इसी क्रम में वो विद्युत प्रवाहित तार से स्पर्श हो गया। इसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर वे लोग फौरन वहां पहुंचे, और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पर नगर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने 3 भाई और 2 बहन में छोटा था। उसकी शादी इसी साल 6 मार्च को हुई थी। मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी प्रियंका देवी और मां फुलकुमारी देवी बदहवास हो गई। दोनों बार-बार बेहोश हो जा रही थी। उसके परिवार में मां फुलकुमारी देवी, पत्नी प्रियंका देवी, दो भाई जितेंद्र केशरी, संतोष केशरी और 2 बहन आरती कुमारी और सोनी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां फुलकुमारी देवी, पत्नी प्रियंका देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**आरा (रासासं):** सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव स्थित पुल पर गुरुवार को करंट की चपेट में आने से सरिया लेकर जा रहे एक मजदूर की मौत हो गई। इलाज के लिए सहार रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते नहीं दम तोड़ दिया। मृतक सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव निवासी स्व.अवधेश सिंह के 45 वर्षीय पुत्र संतोष सिंह है। वह पेशे से मजदूर थे और राजमिस्त्री का काम करते थे। मृतक के सहयोगी मो. सलाउद्दीन ने कहा कि दोनों गांव में काम कर रहे थे। इसी दौरान हम दोनों कंधे पर सरिया लेकर जा रहे थे। इस क्रम में सरिया का ऊपर वाला हिस्सा बिजली के तार से सट गया।

# डीएम ने किया सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज कैंपस का निरीक्षण दिए कई निर्देश



**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**आरा:** जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा सदर अस्पताल, आरा एवं निमार्णाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज कैम्पस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मुख्यतः आकस्मिक कक्ष, वार्ड, वाह्य कक्ष, शल्य कक्ष, दीदी की रसोई, अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में मरीजो की बढती संख्या को ध्यान में रखते हुए निबंधन केंद्र की संख्या 2 से बढ़ाकर 5 करने को आदेश दिया गया। साथ ही निमार्णाधीन कमांड एंड कंट्रोल रुम को अविलंब चालू करने का निदेश दिया गया। अस्पताल परिसर में जल जमाव की समस्या को लेकर बुडकों के पदाधिकारी को जल्द ठीक करने हेतु निदेशित किया गया। दीदी की रसोई के निरीक्षण के क्रम में मरीजों एवं उनके अभिभावकों को बैठ कर खाने की व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही निमार्णाधीन एमसीएच भवन का कार्य दिसम्बर 2024 तक पुर्ण करने हेतु निदेश दिया गया। निमार्णाधीन सरकारी मेडिकल कॉलेज कैम्पस एवं वहां ड्रेनेज संबंधित समस्या को लेकर पदाधिकारी को ससमय पूर्ण करने हेतु निदेश दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में भोजपुर के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने किया भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा



जिलाधिकारी, भोजपुर, तनय सुल्तानिया द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यतःजिले में चल रही बड़ी परियोजनाएं जैसे एनएच119अ (आरा-सासाराम) के कार्यों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्पादित करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में कायम नगर से धरहरा पथ निर्माण में आ रही विभिन्न बाधाओं का निरीक्षण एवं स्थल जांच 24 घंटा के अंदर पूर्ण करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं पथ निर्माण विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया।

इस समीक्षा बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक,आरा एवं सासाराम के प्रतिनिधि, उप समाहर्ता भूमि सुधार, जगदीशपुर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,भोजपुर, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, शाहाबाद, अंचलाधिकारी आदि मौजूद थे।

## हथियार के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

**वारदात को देने वाला था अंजाम, कई मामलों में जा चुका है जेल**



**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**आरा:** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना पुलिस ने वारदात को अंजाम देने से पहले अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही पकड़े गए बदमाश के पास से एक देसी पिस्टल, एक मैग्जीन और 9 कारतूस भी बरामद किया गया है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया दीपक यादव गड़हनी थाना के नहसी गांव का निवासी है।

पहले से भी उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की है। एसपी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पूर्व के कांड में संलिप्त एक बदमाश हथियार से लैस होकर गड़हनी मोड़ के समीप घूम रहा है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के प्रयास में है। सूचना के आधार पर प्रभारी थानाध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई।

टीम ने घेराबंदी कर दीपक यादव को पकड़ लिया। तलाशी लिए जाने पर एक देसी पिस्टल, एक मैग्जीन, 9 कारतूस के अलावा एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। इधर, एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दीपक यादव के विरुद्ध चरपोखरी, पीरो, आरा टाउन औ? उदवंतनगर थाना में चार आपराधिक मामले मिले है, जो हत्या, लूट और डकैती से संबंधित है।

2019 में चरपोखरी क्षेत्र में घटित हत्या से संबंधित मामले में पहली बार उसका नाम आया था। पूर्व में जेल भी गया था।

## चार दिन से लापता युवक का मिला शव

**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**आरा:** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ कुरूम टोला मोहल्ले में घर से निकले युवक का शव चौथे दिन बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहल्ले में स्थित बावन बिगहा पोखरा से गुरुवार की देर शाम बरामद किया गया। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ कुरूम टोला निवासी जमुना चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र मिंटू चौधरी उर्फ करीमन है। जो पेशे से मजदूर था। परिजन ने बताया कि वह कुछ माह से नशा करने लगा था। जिसके कारण वह बराबर घर पर दो-चार दिन तक नहीं आता था और इधर-उधर रहा करता था। सोमवार की सुबह भी वह घर से निकला था और रात तक घर वापस नहीं लौटा। खोजबीन की लेकिन, कुछ पता नहीं चला। थाना में कोई शिकायत भी नहीं दर्ज कराई गई थी। गुरुवार की देर शाम स्थानीय मोहल्ले वासी ने कुरूम टोला स्थित बावन बिगहा पोखरा में उसके शव को देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को बाहर निकल गया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई।

## एसबी कॉलेज में चला शिक्षा पर सबका हक अभियान

**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**




**आरा:** सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय आरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अर्चना कुमारी के नेतृत्व में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर मौलाबाग के दलित बस्ती में शिक्षा पर सबका हक अभियान चलाया गया।

डॉ. अर्चना कुमारी ने कहा यह दिवस साक्षरता के महत्व और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। साक्षरता के माध्यम से ही समाज में सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होता है। साक्षरता एक व्यक्ति को न केवल पढ़ने और लिखने में सक्षम बनाती है, बल्कि उसे समाज में अपनी भूमिका समझने और जीवन में नए अवसरों का लाभ उठाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सक्षम बनाती है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में लोग अशिक्षित हैं, जो उनके विकास में बाधक है। अशिक्षा गरीबी, बेरोजगारी और असमानता का कारण बनती है। इस अभियान के अंर्तगत एन एस एस के स्वयंसेवकों ने दलित बस्ती के बच्चों को पढ़ाया एवम बच्चों के बीच स्लेट, पेंसिल, कॉपी, मनोहर पोथी एवं चॉकलेट का वितरण किया।

स्वयंसेवकों ने भी बच्चों, बच्चियों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया साथ ही जो बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे उनको स्वयं पढ़ाने का संकल्प लिया। स्वयंसेवकों में अंकुश, मीरा, खुशी, निशांत, सोनू, पवन, मेघा, सुंदरम,अमित, अमन, गुरू एवम अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# बिहार प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने की कड़ी निन्दा

**कदाचार करने से मना करने पर परीक्षार्थियों ने की थी ड्यूटी के दौरान मारपीट**

**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**




**आरा:** बिहार प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक आपात बैठक आयोजित की गई। इसमें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत महाराजा कॉलेज के हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ.शुचि स्नेहा के साथ परीक्षा के दौरान वीक्षण कार्य के समय हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की गई। यह घटना केवल एक शिक्षिका पर हमला नहीं है, बल्कि बिहार के समूचे शैक्षणिक तंत्र पर एक गंभीर हमला है, जो हमारे शिक्षकों के मान-सम्मान और सुरक्षा की पूरी अनदेखी का प्रतीक है।

संघ की सचिव डॉ.चिंटू कुमारी ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे शिक्षण वर्ग पर संकट का समय है। इस घड़ी में संघ पूरी ताकत से डॉ.स्नेहा के साथ खड़ा है। बिहार में हाल के सालों में शिक्षकों के साथ बढ़ती हिंसात्मक घटनाओं की पुनरावृत्ति चिंताजनक है, जो कि राज्य सरकार की नीतिगत विफलता को उजागर करती है। उन्होंने सरकार से यह सवाल किया कि क्या शिक्षक अब अपनी कक्षाओं और परीक्षा केंद्रों में भी सुरक्षित नहीं है? संघ ने इस कठिन समय में शिक्षकों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष डॉ.हेमंत कुमार झा ने कहा कि यह स्थिति शिक्षण प्रणाली के प्रति सरकार और प्रशासन की उदासीनता को दशार्ता है। जो छात्र कभी शिक्षकों की ढाल बनाते थे, आज वही छात्र शिक्षकों को आतंकित कर रहे हैं। यह घटना न केवल शिक्षण संस्थानों के अंदर की गिरती हुई, नैतिकता को दशार्ती है, बल्कि यह सरकार की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करती है। सरकार ने अगर जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो इसका दूरगामी असर न केवल शैक्षणिक व्यवस्था पर बल्कि राज्य के सामाजिक ढांचे पर भी पड़ेगा।

संयुक्त सचिव डॉ.अभिषेक कुंदन ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि आज शिक्षकों को चारों तरफ से उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। चाहे वह विश्वविद्यालय हो, सरकार हो, या फिर छात्र, यह राज्य के शैक्षणिक और सामाजिक भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। सरकार और प्रशासन शिक्षकों को केवल परीक्षा के लिए इस्तेमाल करने वाले यंत्र के रूप में देख रहे हैं, जबकि उनके मान-सम्मान और सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।

उपाध्यक्ष डॉ.आतिफ रब्बानी ने कहा कि कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा केवल तभी संभव है, जब शिक्षकों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो। अगर शिक्षकों को हिंसा का शिकार बनाया जाएगा, तो कैसे उनसे उम्मीद की जा सकती है। वे निष्पक्षता से परीक्षा आयोजित कर पाएंगे? उन्होंने मांग की कि प्रशासन को शिक्षकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

कोषाध्यक्ष डॉ.शोभन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि पहले भी भागलपुर, छपरा और सीतामढ़ी में शिक्षकों के साथ इसी प्रकार की घटनाएं घटित हुई है। संघ ने सर्वसम्मति से इस घटना की निंदा करते हुए सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, नहीं तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर शिक्षकों के मान-सम्मान और सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह सरकार और प्रशासन के खिलाफ एक व्यापक जनांदोलन का रूप ले सकता है।

**भवन निर्माण विभाग**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना**
**निविदा आमंत्रण सूचना सं0–15 वर्ष 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 27.09.2024 2:00 बजे अप0 तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.09.2024 3:00 बजे अप0 तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.09.2024 (3:30 बजे अप0)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना। विद्युत कार्य अवर प्रमंडल, दानापुर एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, पटना
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Special repair of Biswan Section to E/W & E/I in Sub Divisional office Hilsa Distt Nalanda. | 266789.00 | 5,500.00 | 750.00 | 10 Days |
| 2 | Replacement of Burnt/Damaged Cable of Lighting Panel at B.J.A Campus, Gaighat, Patna. | 392741.00 | 7,900.00 | 750.00 | 10 Days |
| 3 | S/R to E/W & E/I in SDO Chamber, Court room and DCLR Chamber, Sub division office (First Floor) at Rajgir Distt Nalanda. | 581333.00 | 11,700.00 | 1250.00 | 20 Days |
| 4 | Replacement of Junction Box & light in S.D.M residence at Hilsa Distt Nalanda. | 247468.00 | 5,000.00 | 500.00 | 10 Days |
| 5 | S/R to addition & alteration to E/W & E/I in SDM residence at Hilsa Distt Nalanda. | 345204.00 | 7,000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 6 | S/R to E/W & E/I in SDM residence Guard room at Hilsa Distt Naladna. | 157503.00 | 3,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 7 | S/R to E/W & E/I in Flat No- D-1 in D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 182694.00 | 3,700.00 | 500.00 | 10 Days |
| 8 | S/R to E/W & E/I in D.M Confidential & record room Biharsharif Distt Nalanda. | 150716.00 | 3,100.00 | 500.00 | 10 Days |
| 9 | S/R to E/W & E/I in Flat No- E-1 in D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 182694.00 | 3,700.00 | 500.00 | 10 Days |
| 10 | S/R to E/W & E/I in SDM staff Qtr No-1 at Hilsa Distt Nalanda. | 264372.00 | 5,300.00 | 750.00 | 10 Days |
| 11 | S/R to E/W & E/I in Civil Court Staff Qtr No 12 at Hilsa Distt Naladna. | 284522.00 | 5,700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 12 | S/R to E/W & E/I in Sub divisional Qtr No 12 at Hilsa distt Naladna. | 272142.00 | 5,500.00 | 750.00 | 10 Days |
| 13 | S/R to addition & alteration to E/W & E/I in Campus light in S.D.M residence at Hilsa Distt Nalanda. | 327584.00 | 6,600.00 | 750.00 | 10 Days |
| 14 | S/R to E/W & E.I in judicial Qtr No A-2, A-3 & A-4 along with replacement of Cable at Patnacity Distt Patna. | 319106.00 | 6,400.00 | 750.00 | 10 Days |
| 15 | S/R to E.I in judicial Qtr No B-6 & B-7 along with replacement of Cable at Patnacity Distt Patna. | 289895.00 | 5,800.00 | 750.00 | 10 Days |
| 16 | S/R to E/W & E/I in Govt, Residential Qtr No C-18 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 17 | S/R to E/W & E/I in JQ Qtr 2, 3 & Police Guard room at Judge Campus at Hilsa Distt Nalanda. | 153750.00 | 3,100.00 | 500.00 | 10 Days |
| 18 | S/R to E/W & E/I in Sub Divisinal Qtr No 03 at Hilsa Distt Nalanda. | 282045.00 | 5,700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 19 | S/R to E/W & E/I in Sub Divisinal Qtr No 13 at Hilsa Distt Nalanda. | 233505.00 | 4,700.00 | 500.00 | 10 Days |
| 20 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-17 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 21 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-15 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 22 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-16 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 23 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-20 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 24 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-21 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 25 | S/R to E/W & E/I in Govt residential Qtr No C-22 at D.M Colony Biharsharif Distt Nalanda. | 206213.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |
| 26 | S/R to E/W & E/I in District Agriculture office at Biharsharif Distt Nalanda. | 602922.00 | 12,100.00 | 1250.00 | 20 Days |
| 27 | S/R to E/W & E/I in Civil Court Hilsa Old building at Hilsa Distt Naladna. | 829330.00 | 16,600.00 | 1250.00 | 20 Days |
| 28 | S/R with addition & alteration to E/W & E/I in Sub Divisinal Qtr No 01 at Hilsa Distt Nalanda. | 200558.00 | 4,100.00 | 500.00 | 10 Days |
| 29 | S/R to E/W & E/I in JQ Qtr 2 at Hilsa Distt Nalanda. | 254628.00 | 5,100.00 | 750.00 | 10 Days |
| 30 | S/R to E/W & E/I in JQ Qtr 4 at Hilsa Distt Nalanda. | 207487.00 | 4,200.00 | 500.00 | 10 Days |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

PR. No. 008113 (BCD) 2024-25

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.**
पंजीकृत कार्यालय: 501, सालकॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिविलक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नही किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाएं। अल बोर्तावे एहरसेंब ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमामेंट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार **25.09.2024** को नीलामी की तारीख तय की गई थी और **दोपहर 03:00** बजे शाखा परिसर से यहां ओन का लाभ उठाया गया था। अल कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलार्ग सहित, नीलामी की शर्तों और शर्तों में भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता नंबर | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंदिरापुरम | 101942517093 | रितेश के पांडे | जय प्रकाश पांडेय | बक्सर, कचैनिया बक्सर बिहार 802126 | 20/02/2024 | 403235.09 |
| इंदिरापुरम | 101942517266 | दीपा शर्मा | भैरव दत्त | ग्राम धमदाहा उत्तरी, वार्ड नंबर–09 पूर्णिया बिहार 854205 | 01/05/2024 | 201377.541 |
| इंदिरापुरम | 101942517411 | रोहित कुमार | फकीर चंद | 07,मापचा, रायपुर बांगर गौतम बुद्ध नगर पूर्णिया बिहार 201310 | 11/05/2024 | 101279.5122 |

**नीलामी तिथि 25.09.2024 @ 03:00 बजे है।**

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।**